लोडर एसोसिएशन अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड में वन्यजीव संरक्षण से जुड़ेंगे 13 हजार ईको क्लब

**संवाददाता** देहरादून। भावी पीढ़ी को अगर बचपन से ही वन और वन्यजीवों के महत्व के बारे में बताया जाएगा तो आगे जाकर वे इसके प्रति अधिक संवेदनशील बनेंगे। साथ ही संरक्षण की मुहिम में जनजागरूकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वन महकमे की समझ में भी यह बात आ गई है। इसे देखते हुए उसने एक अक्टूबर से शुरू होने वाले वन्य प्राणी सप्ताह के दौरान प्रदेशभर के स्कूल–कालेजों में गठित 13 हजार ईको क्लब से जुड़े विद्यार्थियों को वन और वन्यजीव संरक्षण की मुहिम से जोड़ने का निश्चय किया है।

### घर से भागने और आत्महत्या जैसा कदम उठा रहे बच्चे

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में तनाव के चलते बच्चे घर से भागने और आत्महत्या जैसा कदम उठा रहे हैं। आपरेशन स्माइल के तहत बरामद बच्चों से पूछताछ में यह सामने आया है। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक 2019 और 20 के दौरान उत्तराखंड में 1062 नाबालिग बच्चे गायब हो गए थे। इनमें 477 बालक व 585 बालिकाएं शामिल हैं। पुलिस की ओर से 701 बच्चों को बरामद किया गया। इसमें से आपरेशन स्माइल के तहत 315 बच्चे बरामद किए गए। पुलिस विभाग की ओर से जब बातचीत की गई तो 210 बच्चों ने बताया कि स्वजन ने उन्हें डांटा जिसके कारण तनाव में आकर वह भाग गए।

### कोटक महिन्द्रा बैंक ने होम लोन की ब्याज दरें घटा कर 6.50 प्रतिशत कीं

**संवाददाता** देहरादून। भारत में त्यौहारी मौसम की शुरुआत हो चुकी है और देहरादून में अपने ग्राहकों को इन त्यौहारों का तोहफा देने के लिए कोटक महिन्द्रा बैंक (केएमबीएल) ने एक बार फिर होम लोन दरें घटाई हैं और इन्हें 15 बेसिस पॉइंट्स कम कर के होम लोन दर को 6.65 प्रतिशत सालाना से 6.50' प्रतिशत सालाना कर दिया है। तो इस तरह अब कोटक होम लोन की ब्याज दरें 6.50' प्रतिशत सालाना से शुरु होती हैं।

### मिंत्रा ने की अपने बिग फैशन फेस्टिवल लांच की घोषणा

**संवाददाता** देहरादून। मिंत्रा ने अपने 'बिग फैशन फेस्टिवल' की लांच की घोषणा कर दी है जो कि 3 से 10 अक्टूबर के बीच आयोजित किया जाने वाला फैशन, लाइफस्टाइल और ब्यूटी प्रोडक्ट्स के लिए फेस्टिव सीजन का सबसे पसंदीदा शॉपिंग कार्निवल है। मिंत्रा इनसाइडर्स, मिंत्रा के लॉयल्टी प्रोग्राम के मेंबरों के लिए अर्ली ऐक्सेस की डेट्स 1 और 2 अक्टूबर हैं। बिग फैशन फेस्टिवल का आगामी एडिशन 7000 ब्रांड्स में से सबसे शानदार कलेक्शन लेकर आया है जो 10 लाख स्टाइल्स की अब तक की सबसे बड़ी कलेक्शन को पेश करता है।

# उत्तराखण्ड देवभूमि के साथ वीरभूमि और तपोभूमि भी

**अनावरण**

■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को आखिरी ओवर में उतरने वाला धाकड़ बल्लेबाज बताया

**संवाददाता**

देहरादून। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट व अन्य महानुभावों की उपस्थिति में वीर चंद्र सिंह गढवाली जी की पुण्यतिथि के अवसर पर पीठसैंण, पौड़ी गढ़वाल में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में दीनदयाल उपाध्याय योजना के लाभार्थियों को चेक वितरित किए गए और 'घस्यारी कल्याण योजना' के लाभार्थियों को किट वितरित किए गए।




**वीर चंद्र सिंह गढ़वाली कर्म और धर्म दोनों से सैनिक थे:** वीर चंद्र सिंह गढ़वाली को श्रद्धांजलि देते हुए रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वीर चंद्र सिंह गढ़वाली एक सच्चे सैनिक तो थे ही, साथ ही वे एक प्रखर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी थे। उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन में भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया था। वीर चंद्र सिंह गढ़वाली कर्म और धर्म दोनों से सैनिक थे।

उत्तराखण्ड की धरती, भारत ही नहीं पूरी दुनिया में देवभूमि के नाम से जानी जाती है। मगर यह देवभूमि, एक वीरभूमि और तपोभूमि भी है। उत्तराखण्ड राज्य का गठन हुए बीस वर्ष ही हुए हैं परंतु यहां का इतिहास और परम्पराएं सदियों पुरानी हैं। वीर चंद्र सिंह गढ़वाली, माधो सिंह भण्डारी और तीलू रोतेली की बहादुरी के गीत गढ़वाल के गांव–गांव में गाए जाते हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि किसी भी देश या राज्य की नियति का फैसला, वहां की सरकार की नियत से तय होता है। पुष्कर सिंह धामी ने बिल्कुल सही नारा दिया है कि सरकार का दृढ़ इरादा, बातें कम काम ज्यादा। बातें कम होनी चाहिए लेकिन काम ज्यादा होना चाहिए। पुष्कर सिंह धामी को उनकी छात्र राजनीति के दिनों से ही जानता हूं। उनके पास ऊर्जा है, क्षमता है और कुछ कर गुजरने की जज्बा भी है। क्रिकेट की भाषा में कहें तो 20–20 के मैच में धामीजी को आखिरी ओवर में उतारा गया है। धामी जी धाकड़ बल्लेबाज हैं। उन पर उत्तराखण्ड के लोगों की बहुत सारी उम्मीदें टिकी हुई हैं। पूरा विश्वास है वे इन उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।

रक्षा मंत्री ने कहा कि गलवान में मातृभूमि की रक्षा के लिए हमारी सेना के वीर जवानों ने देश के मान सम्मान की रक्षा की। यह सुखद संयोग है कि आज जब वीर चंद्र सिंह गढ़वाली जी की प्रतिमा का अनावरण हो रहा है तो देश अपनी आजादी का अमृत महोत्सव भी मना रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में पिछले साढे सात वर्षों में मिशन मोड में काम हुआ है। चालीस साल तक देश के पूर्व सैनिकों को ओआरओपी के लिए इंतजार करना पड़ा। मगर मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद ओआरओपी लागू कर दिया।

### मुख्यमंत्री स्वस्थ उत्तराखण्ड योजना का शुभारम्भ

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में 'मुख्यमंत्री स्वस्थ युवा, स्वस्थ उत्तराखंड योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि राज्य के समस्त 7795 ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक स्थानों पर एक–एक ओपन जिम ( मुख्यमंत्री ग्रामीण युवा फिटनेस सेन्टर) खोला जायेगा। 'वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना के अंतर्गत इलेक्ट्रिक लग्जरी बसों की खरीद के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी की मौजूदा अधिकतम सीमा को 15 लाख रूपए से बढ़ाकर 20 लाख रूपए किया जायेगा। पर्वतीय क्षेत्रों में गैर वाहन पर्यटन उद्यम के लिए 33 प्रतिशत सब्सिडी की मौजूदा अधिकतम सीमा को 14 लाख रूपए से बढ़ाकर 20 लाख रूपए किया जायेगा। दीन दयाल गृह आवास योजना के अंतर्गत होमस्टे स्थापित करने वाले उद्यमियों को सब्सिडी कुल लागत की मौजूदा 33 प्रतिशत या रू0 10 लाख, जो भी कम से बढ़ाकर सब्सिडी कुल लागत का 33 प्रतिशत या रू० 12 लाख, जो भी कम हो, किया जाएगा।

उत्तराखण्ड के सामरिक महत्व को देखते हुए बीआरओ द्वारा यहां पर 1000 किमी लम्बी सड़कों के निर्माण पर काम चल रहा है।

# चार धाम यात्रा में अव्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**आरोप**

■ सरकार पर श्रद्धालुओं की भावनाओं से खिलवाड़ करने का लगाया आरोप

**संवाददाता**

ऋषिकेश। चार धाम यात्रा को लेकर ऋषिकेश स्थित बस टर्मिनल कंपाउंड में व्यवस्थाएं अब तक पटरी पर नहीं लौटी है। इसे लेकर कांग्रेस सदस्यों ने बीटीसी में अव्यवस्थाओं के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सरकार पर श्रद्धालुओं की भावनाओं से खिलवाड़ करने का भी आरोप लगाया।



बस टर्मिनल कंपाउंड में प्रशासन की ओर से तमाम व्यवस्थाएं करने का दावा किया गया था। शुक्रवार को कांग्रेस प्रदेश महासचिव राजपाल खरोला के साथ संगठन सदस्य टर्मिनल कंपाउंड पहुंचे। यहां उन्होंने सीजनल सहायता केंद्र का निरीक्षण किया तो विभागों के लिए अलग–अलग बनाए गए काउंटर या तो खाली मिले या फिर इनमें कपड़े सूख रहे थे। हेल्प डेस्क में भी कई विभाग के लोग गायब मिले, जिसके खिलाफ कांग्रेस सदस्यों ने मौके पर प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदेश महासचिव राजपाल खरोला ने कहा कि यहां पर देवस्थानम बोर्ड की तरफ से यात्रियों के लिए आनलाइन या आफलाइन कोई भी पंजीकरण की व्यवस्था नहीं है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोला गया है मगर चिकित्सक गायब है। नगर निगम, परिवहन निगम जैसे महत्वपूर्ण विभाग के अधिकारी मौके पर नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में अन्य प्रांतों से श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं मगर, पंजीकरण उपलब्ध ना होने के कारण इन्हें वापस लौटना पड़ रहा है, जबकि आयुक्त गढ़वाल मंडल ने आफलाइन पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कहा था।

उन्होंने कहा कि धामों पर भीड़ नहीं है और सरकार बाहर से आने वालों को जाने नहीं दे रही है। उन्होंने चार धाम यात्रा को लेकर प्रदेश सरकार पर करोडों श्रद्धालुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ का आरोप लगाया।

### लोडर वाहन मालिकों का शोषण नहीं होने देगा मोर्चा

**संवाददाता** विकासनगर। पछवा दून टेंपो/लोडर एसोसिएशन ने अपनी मांगों को लेकर जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी को मांग पत्र सौंपा, जिसमें, इनके द्वारा क्षेत्र में चल रहे जुगाडू वाहन, अपंजीकृत ई–रिक्शा एवं इन वाहनों द्वारा किए जा रहे सामान का ढूलान आदि गतिविधियों पर रोक लगाने का आग्रह किया। 'नेगी ने इनकी मांगों एवं परेशानियों को लेकर एसडीएम/सीओ विकासनगर व एआरटीओ से वार्ता कर वाहन स्वामियों की समस्या का समाधान करने का आग्रह किया गया,' जिस पर अधिकारियों द्वारा कार्रवाई का आश्वासन दिया गया एवं एसडीएम विकासनगर द्वारा प्रतिनिधिमंडल को अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपने हेतु कहा गया। नेगी ने कहा कि क्षेत्र में चल रहे जुगाडू माल ढूलान करने वाले तथा अपंजीकृत ई–रिक्शा आदि वाहनों से किसी भी समय कोई भी दुर्घटना हो सकती है।






**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।